आई सी ऐ आर - सीफेट, लुधियाना ने लक्ष्मी जन कल्याण सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट-हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लुधियाना और लक्ष्मी जन कल्याण सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश ने युवाओं/किसानों/महिलाओं और युवाओं के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन पर कौशल विकास प्रशिक्षण के क्षेत्र के साथ साथ त्तर प्रदेश में कृषि-प्रसंस्करण केंद्रों की स्थापना में सहयोग करने के लिए समझौता किया। आईसीएआर-सीफेट लुधियाना में 23 मई २०२३ को आयोजित एक समारोह में डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, आईसीएआर-सीफेट, लुधियाना और डॉ. नीलम त्यागी, सचिव, लक्ष्मी जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। । यह समझौता आय और रोजगार सृजन के लिए युवाओं/किसानों/महिलाओं के लिए कृषि प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणु बालकृष्णन प्रभारी आई/सी आईटीएमयू ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप मान प्रभारी पीएमई, डॉ. अरमान यू. मुजद्दी, प्रभारी टीओटी प्रमुख, डॉ. संदीप दावांगे, वैज्ञानिक टीओटी डिवीजन और इंजी. अलका शर्मा, आरए भी मौजूद रहे।